''बालसंस्कार प्रशिक्षण शिविर'' बुरहानपुर

श्रीगोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान एवं गुरुकुल पब्लिक स्कूल के सहआयोजन में ''बालसंस्कार प्रशिक्षण शिविर'' किया गया। इस प्रकार के अनुपम आयोजनो की आज के समय में अति आवश्यकता है जहां बाल मन पर संस्कार और संस्कृति को अंकित कर उनके जीवन की दशा और दिशा उत्तम पथ पर प्रशस्त हो। श्री श्री १००८ महाराजश्री शिशिरकुमार जी ने दीप प्रज्जवलित कर आशीर्वचन प्रसारित किये।

पूज्य वेदान्ताचार्य श्रीगिरिराजजी शास्त्रीजी पे अपने उद्बोधन में कहा कि आधुनिक युग में नई पीढ़ी हमारी परम्पराओं पर सबाल पूछती है। हमारी परम्परा में साइंस और लाजिक है जिसकी समझ होना सबके लिये जरुरी है। किसी भी विषय की यथार्थ जानकारी से बच्चों में उत्साह एवं जागरूकता का संचार होगा। और तब भविष्य में यही बालक आने वाली पीढ़ियों को हमारी सनातन परम्परा प्रसारित कर सकेंगे।

बड़ोदरा– ''श्रीगोपीनाथ जी प्रभु चरण'' के प्राकट्य उत्सव

प्रति वर्ष की तरह इस बार भी ''श्रीगोपीनाथ जी प्रभु चरण'' के प्राकट्य उत्सव का आयोजन 'श्रीगोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान' व 'गोपीनाथ ग्वाल मंड़ल (उत्सव समिति)' के सौजन्य से किया गया। वल्लभ कुल के पू. पा.गो.१०८ श्री मथुरेश्वरजी महाराजश्री, पूज्यपाद गुरुवर्य पू. पा. गो.१०८ श्री चंद्रगोपालजी महाराजश्री, पू. पा. गो.१०८ श्रीयोगेश्वरजी महाराजश्री का मंगल मय सानिध्य और आशीर्वचन का लाभ प्राप्त हुआ। आचार्य जनों ने श्रीगोपीनाथ जी के बारे में भ्रांत विचारों का खंडन करते हुए सम्प्रदाय में स्थापित और श्रीमहाप्रभुजी द्वारा रचित शास्त्रों में वर्णन के आधार पर विषेश रूप से यथार्थ बातों को बताया। पूज्य श्री गिरिराजजी शास्त्रीजी ने आगे श्रीगोपीनाथजी द्वारा रचित 'साधनदीपिका' और 'सेवाश्लोका' आदि ग्रंथों के वारे में उद्बोधन दिया। पूज्य श्रीमथुरेश्वर जी महाराजश्री ने बहुत सराहना करते हुए कहा कि नवोदित युवा विद्वान श्रीगोपीनाथजी के नाम से सर्व प्रथम संस्था खोल कर उनके प्रति जाग्रति लाने का काम और खोज का काम श्रीवृजेशकुमारजी और श्रीगिरिराजजी शास्त्रीजी कर रहे हैं जो गौरव की बात है इन उदात्त कार्यों में सदैव हमारा सहयोग और आशीर्वाद आपके साथ है। पूज्य आचार्यजनों और पू. श्री भगवत पांड्याजी आदि की गरिमामय सन्निधि में यह आयोजन सम्पन्न हुआ।

BOOK POST PRINTED MATTER

Printed & Published By Giriraj V. Shastri On Behalf Of Owner Shree Gopinath Adhyatmik Sansthan Trust (regd. No. E4375) And Printed At Shraddha Screen Printing, C/o Dharmit D. Parikh, 1930, Pitta Ni Pole, Opp. Govardhannathji Temple, Sarangpur Chakala, Sarangpur, Ahmedabad-380001 And Published At Giriraj V. Shastri , E/294, Rajlakshmi Society, Opp. Baroda Heart Institue,Old Padra Road, Vadodara-390027. Editor Giriraj V. Shastri

श्री गोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान का मुखपत्र

Regd - GUJMUL00665

यथार्थ मार्ग →

Email : info@gopinathji.org Visit us : www.gopinathji.org facebook : ShreeGopinathji What's app - 8141054545

वर्ष – प्रथम ● अंक – ८ अक्टूबर/नवंबर २०१८ ● शुल्क मासिक २०/वार्षिक २००/विदेश –USA $ 35, UK £ 30 ● कुल पृष्ठ १० पृष्ठ क्रं. १

संस्थापक एवं मार्ग दर्शक – पुष्टि सिद्धान्त मर्मज्ञ पू श्री व्रजेश कुमारजी शास्त्रीजी सम्पादक – वेदान्ताचार्य पू.श्री गिरिराजजी शास्त्री

सम्पादकीय
श्री गिरिराजजी शास्त्री

संसार के समक्ष जितनी भयंकर और विस्फोटक समस्याएँ आज उपस्थित हुई हैं उतनी आज से पूर्व कभी भी नहीं थीं। ये कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि विज्ञान की चरम विकसित स्थिति ने हम मनुष्यों की हृदयस्थ भावों की भूमिका एवं दिशा को बदल के रख दिया है। जितनी सुविधाएँ विज्ञान के तहत बढीं हैं उतना ही उसके अयोग्य उपभोग या दुरुपयोग से दिक्कतें परेंशानियां बढी ही हैं। किन्तु ये हमारे अन्दर के संयम- समझ-और सुव्यवस्था से ही संतुलित हो सकता है और हम सही अर्थ में आनंद-शांति और सहजता प्राप्त कर सच्चे अर्थो में वीरत्व प्राप्त कर सकते हैं।

हाँ ये जरूर हमें ज्ञात होना चाहिये कि वीरत्व (वीरता) सही मायनों में है क्या? वीरत्व का प्रथम स्थाई भाव उत्साह है, और उत्साह हृदयगत भाव है, बुद्धि का व्यापार मात्र नहीं। जैसे प्राचीन समय में एक दूसरे के विरोधी वीर एक दूसरे के प्रत्यक्ष खडे हो कर अपनी वीरता एवं शक्ति को सिद्धान्तों उसूलों और नीति के अधार पर प्रदर्शित करते थे। किन्तु आज प्रत्यक्ष की अपेक्षा वैज्ञानिक गणित के सिद्धान्तों के आधार पर वैज्ञानिक साधनों को जुटाकर कूटनीति-दुष्ट राजनीति के द्वारा दूसरों को धमकाने डराने वाला वीर समझा जा रहा है। पर सही में वीर वह होना चाहिये आज के परिप्रेक्ष्य में जो कि अपने मन-विचारों-इन्द्रियों को स्थिर कर प्रत्यक्ष रूप से दुष्टतत्वों से लड सके और अपनी शांति-सहजता-सरलता-और आनंद को बरकरार रख सके।

वर्तमान समय एवं स्थिति में अनेक प्रकार की सामाजिक कुरीतियाँ चल रहीं हैं जिन्हें दूर करने का प्रयास करते समय अनेक प्रकार के अवरोध सामने आयेंगे पर उन सब से घबराये बिना उन्हें अपने आप पर प्रभु पर साद्गुरु पर पूर्ण आस्था रखते हुए पार करने वाला और नूतन समयोचित परिवर्तन परंपराओं में या समाज में लाने में अत्यंत उत्साहित होकर उसे तर्कसंगत विशिष्ट ज्ञान से सिद्ध करे वही वीर कहला सकता है।

तो आईये कुछ ऐसी वीरता प्रगट करने अपने अंदर का दीप जला के हमारे अंतर आलोक को प्रकाशित करने का संकल्प इस दीपावली को लें और उस हेतु कटिबद्ध हो निरन्तर आनंद को स्थपित कर सामाजिक शोषण से बचाकर नूतन समाज की स्थापना में नींव रक्खें।

आचार्य वचनामृत
नी.ली.गो.षष्ठपीठाधीश्वर १०८ पू.पा.श्रीव्रजरत्नलालजी महाराजश्री (सुरत)

भुञ्जावतारे त्वधुना हरौ तद्वशगाः सुरा , नानामतानि विप्रेषु भूत्वा कुर्वन्ति मोहनम् , अयमेव महामोहो , एतनमतमविज्ञाय सात्विका अपि वै हरिम् , मतान्तरै र्न सेवन्ते तदर्थं ह्येष उद्यमः ।

આ પ્રકારે સાત્વિકોને અનેક રીતે ભ્રમણાઓ ના પ્રસંગ આવતાં શ્રીકૃષ્ણ ભજન છૂટી ગયું અને ભગવત્પ્રાપ્તિ રૂપ મુખ્ય પરૂષાર્થથી જીવો વિમુખ થયા. અને ભાગવત ૧૧ સ્કન્ધમાં બતાવ્યા પ્રમાણે અનેક પરૂષાર્થ માનવા લાગ્યા .

धर्ममेके यशश्चान्ये कामं सत्यं दमं शमम् , अन्ये वदन्ति स्वार्थं वा ऐश्वर्यं त्यागभोजनम् । वदन्ति कृष्णश्रेयांसि बहूनि ब्रह्म वादिनः।

આ અનેક વાદો સ્વબુધ્યનુસાર ચાલવા લાગ્યા .વેદાર્થ સમજવા શક્તિહીન થયા ત્યારે પ્રસ્થાનચતુષ્ટય પૂર્વક નિર્ગુણ ભક્તિનું પ્રાગટ્ય કરવાની ઈચ્છાથી સ્વયં શ્રીઠાકોરજી શ્રીમદાચાર્યચરણ શ્રીમહાપ્રભુજી સ્વરૂપે આ ભૂતલપર પધાર્યા. અને જો ના પધાર્યા હોત તો ..સૃષ્ટિવ્યર્થા ચ ભૂયાન્નિજફલ રહિતા . આ શુદ્ધપ્રેમ વાળી સૃષ્ટિ વ્યર્થ ચઇ હોત .જે જીવોપર વિશેષ અનુગ્રહ છે પ્રભુનો તે જીવોને કેવલ અનુગ્રહ દ્વારા જ સ્વ પ્રાપ્તિ કારાવવા સ્વયં વરણ કરે છે. અને આ દૈવી જીવોમાં સૂક્ષ્મ તાપકલેશ થાય છે પ્રભુથી હઝારો વર્ષોથી વિખુટા પડવાને કારણે અને આ તાપકલેશ જ એ જીવને ઘર-પુત્ર-પરિવાર -પ્રાણ-દેહ-આત્મા અને એના ધર્મો સહિત પ્રભુશ્રીના શરણે લાવે છે અને સદ્ગુરુ કૃપાથી શરણે આવી પ્રભુનો દાસ બને છે. દાસ્ય ધર્મ એમાં પ્રગટ થાય છે અને માત્ર શ્રીપ્રભુજ એનું સર્વસ્વ બને છે અને અનન્ય પ્રેમ દ્વારા પ્રભુને પોતાના બનાવે છે અને આથી પ્રભુ સ્વ પ્રમેય બલ થી એના સર્વ પ્રતિબંધો દૂર કરી સ્વપ્રાપ્તિ કરાવે છે અને એને પ્રેમ કરતા થઈજાય છે આજ પુષ્ટિ છે અને

यथार्थ
क्या है यथार्थ ? और क्यों आवश्यक है अब ?

श्री गिरिराजजी शास्त्रीजी

सही अर्थो में धर्मगुरु आपके अन्दर जो है उसे प्रगट कर और प्रगति के मार्ग पर आपको अग्रसर करना ही उनका लक्ष्य होता है अत: गुरु में कभी राग द्वेष होता नही पर हमें उनके स्वरूप का और हमारे लिये उन्होंने कोन सी साधना निश्चित करी है इसका ज्ञान न होने से हम उन्हें नहीं समझ पाते और कुछ ऐसा कर बैठते है कि हमारी साधना की गति धीमी पड जाती है । जैसे कि हरेक पौधे को सम्भालने का तरीका व्यवस्था भिन्न भिन्न होती है पर वह कोई किसान या पेड-पौधों का जानकार (माली) ही समझ सकता है ,और जैसे कोई (मूर्तिकार) शिल्पकार जब किसी पत्थर को देखता है फिर चाहे वह - टेडा - बांका - या टूटा - फूटा - काला या मैला ही क्यों ना हो पर .. शिल्पकार के हृदय में वह एक मूरत बसी होती है और वही उसे उस पत्थर में दिखाई पडती है पर दुसरे व्यक्ति अगर वहां खडे हों तो सोचेंगे कि यह मनुष्य पागल है इसे एसे बेकार पत्थर में नाचता हुआ कृष्ण दिखाई पडता है??

पर सच वही होता है कि उस पत्थर के भीतर एक नाचता हंसता हुआ प्रेम उस शिल्पकार को ही दिखाई देता है । और उसकी कई महिनों की कड़ी मेहनत और साधना एवं दिल से किये श्रम से ही जो लोग पहले उसकी हाँसी उडा रहे थे उन्हें वह अद्भुत अद्वितिय रमणीय लावण्यमयी मनोहारिणी नाचती हँसती प्रेम की मूर्ति दिखाई पडती है । और तब वह उसके सामने नतमस्तक हो जाते हैं । किन्तु..

(क्रमशः)

જે સરળતાથી, સહજતાથી, કારણકે ભાગવતનો એક નિયમ છે કે સુગમતાથી ઉપાય બતાવવો. કૃષ્ણ અકિલષ્ટ કર્મા છે અને ભાગવત તો કૃષ્ણરૂપ છે. અને અકિલષ્ટકર્મા બતાવે છે કે તમારે તમારા જીવન પ્રવાહને અંતઃકરણથી રોડી દેવા માટે સતત તમારી જાતને કૃષ્ણકથાની અંદર રોકી દો. સૌથી પહેલા તમે આજે તપ કરવા તમે તમારૂ ઘર છોડીને આવ્યા. છોડવુ પડ્યુ ને ? આ પણ એક જાતનું તપ છે પરંતુ આ તપ સદાનુ નથી, આપડો સંકલ્પ કેટલો છે ? મારે સાત દિવસ સાંભળવુ છે. બીજો શબ્દ ક્યાં ? હંમેશા ધ્વનિ અને પ્રતિધ્વનિ, ધ્વનિ મારે સાત દિવસ સાંભળવુ છે. પ્રતિધ્વનિ સાત દિવસ પછી દાઈનો ઘોડો આઠમા દિવસના આપડે દુનિયાના એટલા પ્રોગ્રામો ગોઠવી ને આવ્યા હોઈશુ કે જે આપડે સાત દિવસમાં પણ નહી કરવાના હોઈએ. આઠમા દિવસે થઈ જવાના. જે આવે તેને તમે આઠમે દિવસે મળજો. આપડે સાત દિવસનો ત્યાગ કર્યો બહુ ઉત્તમ પરંતુ આપણો સંકલ્પ કેટલો છે મનમાં ? એટલે આપડી અવિદ્યા દૂર થતી નથી જો વિદુરની માફક કે પરિક્ષિતની માફક આપડો જો સંકલ્પ થયો હો તે, એ સંકલ્પ સહિત અંહી ભાગવતજી બતાવે છે કે જીવનને કૃષ્ણ કથાની અંદરજ વ્યસ્ત કરવુ. આ નિર્ણય લેતી વખતે બહુ મોટુ બૌદ્ધિક તપ, બહુ મોટુ માનસિક તપ, અને બહુ મોટુ શારીરીક તપ કરવુ પડે છે. આ ચોથા આધ્યાયનો સાર.

પાંચમા અધ્યાયમાં ભક્તિ કોની કરવી ? કેવી રીતે કરવી ? આજે સંસારમાં સંપ્રદાયો ઘણા છે. અને ભક્તિની વાતો પણ જુદી જુદી કરાય છે. ભક્તિ કોની કરવી ? રાષ્ટ્ર ભક્તિ, માનવ ભક્તિ, પ્રાણી ભક્તિ, દેહ ભક્તિ. ભક્તિ શબ્દ અનેક જગ્યાએ લાગેલો છે. હવે આપડે ભાગવતજીના પાંચમા અધ્યાયને પુછવા માગીએ છીએ ? ભક્તિ કોની કરવી ? અને કેવી રીતે કરવી ? ભાગવતજી કહેવા માગે છે કે સ્વરૂપની વિસ્મૃતિ આ ભક્તિથી દૂર થાય. કઈ ભક્તિ કરવાથી ? તો કહે કૃષ્ણાનુ પૂજન જે કૃષ્ણ છે તેનુ પૂજન. હવે તેમા કૃષ્ણ શબ્દ બહુ મોટો છે એટલે તેની વ્યાખ્યામાં બહુ જતો નથી. કૃષ્ણ એટલે જેની અંદર બધુજ સમાવિષ્ટ છે. આ વિશ્વનાં બધાજ પદાર્થો જેની અંદર સમાવિષ્ટ છે.

જનકોદ્ધવશ્ચૈવ સાત્વિકો રાજસ સ્તથા – પુષ્ટિમાર્ગસ્ય મુખ્યત્વાત્ વિપરિતા ગતૈ ગુણૈઃ

એકાદશ સ્ખંધની મુક્તિલીલામાં જે પ્રથમ બ્રહ્મભાવ અને સાયુજ્ય નું જે જીવ મુક્તિ પ્રકરણ છે. એકાદસ સ્કંધના એકત્રીસ અધ્યાય તેમાં ૧ થી ૨૯ અધ્યાય જીવ મુક્તિ પ્રકરણ અને ૩૦ અને ૩૧ ઈશમુક્તિ પ્રકરણ. આ બન્ને પ્રકરણોની અંદરથી તેના પેટા પ્રકરણો બે છે બન્ને ના જીવમુક્તિ પ્રકરણનું પહેલુ પેટા પ્રકરણ એ બ્રહ્મ ભાવ પ્રકરણ છે તે ૧ થી ૫ અધ્યાય અને ૬ થી ૨૯ એ કૃષ્ણયોગ પ્રકરણ. એમ બે પેટા પ્રકરણો થયા. એમાં બ્રહ્મભાવની અંદર મમતાની નિવૃત્તિ અને કૃષ્ણયોગ પ્રકરણ વડે અહંતાની નિવૃત્તિની પ્રક્રિયા આમા બતાવવામાં આવી છે. તેવીજ રીતે ઈશ મુક્તિ પ્રકરણમાં ૩૦મો અધ્યાય એ ઈશની મમતા નિવૃત્તિ અને ૩૧ મી અધ્યાય એ ઈરાની સહંતા નિવૃત્તિ. આટલો ખ્યાલ રાખશો એટલે આગળનાં વિષય વધારે ખ્યાલ આવતો જશે. આમા જે જીવ મુક્તિ પ્રકરણ છે તેમા બધાનીજ મુક્તિ બનાવવાની છે.

તેમ છતાં પણ એક પ્રતિક તરીકે બે અધિકારીઓ બતાવવાના છે. તેમાં એક અધિકારી છે જનક અને બીજો અધિકારી છે ઉદ્ધવ. આમ બે અધિકારીઓ આમા મુખ્ય મનાયા છે. તેમાં જે જનઉ છે તે સાત્વિક છે અને ઉદ્ધવ રાજસ છે. આની અંદર પ્રશ્ન એ થાય છે કે ભગવદ્ ગીતા એવુ કહે છે. ઉર્ધ્વ ગચ્છન્તિ સત્વસ્થા મધ્યે તિષ્ઠન્તિ રાજસાઃ।

જઘન્યગુણવૃત્તિસ્થા અધો ગચ્છન્તિ તામસાઃ।। ગીતા. ૧૪.૧૮।। જે સાત્વિકો છે તેની હંમેશા ઉર્ધ્વગતિ થાય છે. રાજસ અને તામસ કરતાં સાત્વિકો ઉચ્ચ કોટીના છે. સાધારણ રીતે દુનિયામાં એમ બોલીએ છીએ કે હમે તો રાજસ સ્વભાવના પણ આ ભાઈ બહુ સાત્વિક. હવે ભાગવતજીમાં ગોટાળો શુ થઈ ગયો કે જનકરાજાને બ્રહ્મભાવ મુક્તિ પ્રાપ્ત થઈ અને ઉદ્ધવને કૃષ્ણયોગ પ્રાપ્ત થયો. બ્રહ્મભાવ કરતાં કૃષ્ણયોગ ઉત્તમ છે. શ્રી મહાપ્રભુજી પ્રશ્ન કરીને એનો જવાબ આપે છે કે સાત્વિકને કૃષ્ણયોગ થવો જોઈએ અને સાજસોને તો બ્રહ્મભાવ થાય કે કેમ ? એની જગ્યાએ ઉલ્ટુ કેમ ? એટલે મહાપ્રભુજી શોર્ટમાં ઉત્તર આપે છે.

પુષ્ટિમાર્ગસ્થ મુખ્યત્વાત્ વિપરિતા ગતૈ ગુણૈ : આમાં પુષ્ટિમાર્ગસ્થ ફલે – એટલુ અધ્યાહાર છે. ફલમાં કોઈપણ પ્રકારનું વિશ્વમાં જે ફલ થાય છે તેમાં મુખ્યતા ભગવાનના અનુગ્રહનીજ છે. ફલ ભગવાને પોતાના હાથમાં રાખ્યુ છે. કુળ, દેવી-દેવતા, મંત્ર-તંત્ર, જંત્ર, સિદ્ધ, યોગી કોઈના પણ હાથમાં ફલ નથી. આ દુનિયામાં જે કાંઈ પણ ફલ થાય છે અને પ્રમાણથી કે મયચૈવ વિહિતાન્ હિતાન્ ભગવદ્ ગીતા. જે લોકો દેવતાઓનુ યજન કરે છે, તે લોકોને જે દેવો તરફથી ફલ થાય છે તે મૂળ તો મારું આપેલુ જફલ થાછે કારણ કે દેવતાઓ પાસે કોઇ ફલ છે જ નહી. આજે હું તમને એક વાત પુછુ. આજે એંહિયા જે લોકો બેઠા છે તેમાંથી કોઈ વ્યક્તિ લક્ષ્મીવિલાસ પેલેસનું દાન કરી દે કોઈને જાવ તમને લક્ષ્મીવિલાસ પેલેસ આપ્યો. બોંમ્બે થી આવ્યા છે તે એમ કહે છે તમને આખુ વિક્ટોરીયા ટર્મિનસ આપી દીધુ તો મને મળી ગયુ ? ના – કેમ નહિ ? કારણ કે વિક્ટોરીયા ટર્મિનસ ઉપર કે લક્ષ્મીવિલાસ પેલેસ ઉપર તમારી કોઈ સત્તાજ નથી એટલે જ્યાં સુધી કોઈ વસ્તુ પોતાના અધિકારમાં કે માલિકિમાં ન હોય તે ન આપી શકે. એક કાયદાની ગુંચની વાત કહુ કે કોઇ વ્યક્તિ એ વીલમાં લખ્યુ કે મારી આ મિલકત મારા મર્યા પછી રૂલાણાને બધી આપી દેવી. થઈ ગયુ. હવે એ માણસ મર્યો નથી, પરંતુ જેને આપવામાં આવ્યુ છે તે મરવા પડ્યો. હવે જો કોઈ ડોક્યુમેંટ કરીને જાય કે મને આ વીલની દ્વારા જે મિલકત મળવાની છે તેનો અધિકાર આને આપુ છું. પરંતુ જો કોર્ટને પૂછશો તો જે વસ્તુ હાથમાં આવી ન હોય તે વસ્તુ બીજાને આપી શકાય નહિ. તો તેવીજ રીતે જે વસ્તુ પોતાના અધિકારમાં ના હોય તે બીજાને ના આપી શકાય. હવે આ વિશ્વની કોઈપણ વસ્તુ પરમાત્માએ જીવમાત્રને દેવો પણ અંતતો ગત્વા જીવો છે. અને એજ વાત શ્રી મહાપ્રભુજી કૃષ્ણાશ્રય ગ્રંથમાં કહે છે.

પ્રાકૃતાઃ સકલા દેવાઃ પ્રાકૃતા નામ જીવાઃ પ્રકૃતિ સંભવા : અને ગણિતાનન્દ કે બૃહત કહીને બ્રહ્મા વિષ્ણુ ને શીવ વિ. જે ઇશ્વર દેવો છે તેમની સ્થિતિનો અંતતો ગત્વા અક્ષરાત્મકજ છે. જે ભગવાન દ્વારા નિયમ છે. આ વિશ્વની કોઇ પણ વસ્તુ પર સત્તાકોઇ દેવની ન હોવાથી દેવ ફલ આપી શકે નહી.

विना आरोग्यं वृथा लक्ष्मीः

जीवन में ऋतुअनुकुल परिर्वतन एवं सावधानियाँ और पथ्यात्मक युक्त आहार स्वास्थ्य की कुंजी है ।

- डा.शैलेन्द्र

सुस्वास्थ्य के लिये- आहार के साथ साथ विहार पर भी ध्यान देना अत्यंत जरूरी है। शास्त्रों में सुस्वास्थ बनाये रखने के लिये व्यायाम की आवश्यकता बताई गई है। प्रातःकाल ब्रह्म मुहूर्त में उठ कर भगवत् स्मरण कर प्रातःकालीन प्राणवायु के सेवन से आरोग्य स्थिर रहता है। प्रातःकालीन वायुसेवन तथा प्रफुल्लित प्रकृति में भ्रमण सहस्त्रों रोगों की एक रामवाण औषधि है।

शरीर एक मंदिर है जिसमें हमारी आत्मा विराजमान है इसलिए इस शरीर रूपी मंदिर की अर्न्तबाह्य स्वच्छता- स्वस्थता जरूरी है। आयुर्वेद के मतानुसार भी व्यायाम करने से शरीर का विकास होता है, शरीर में स्फूर्ति आती है, कार्य करने की शक्ति बढ़ती है। शरीर में शिथिलता जल्दी नहीं आ पाती, जीवन में प्रसन्नता, स्वास्थ्य एवं सौन्दर्य के लिऐ व्यायाम नितांत आवश्यक है।

प्रातःकालीन वायु सेवन के पश्चात जीवन में सूर्य-रश्मियों का महत्व बहुत अधिक है। सूर्य की किरण शरीर पर पडने से हमारे शरीर के अनेकों रोग-कीटाणु नष्ट हो जाते हैं। सूर्य-रश्मियों में विष दूर करने की भी शक्ति है। अतः प्रातःकाल संध्या वन्दनादि से निवृत्त होकर प्रथम प्रहर में जब तक सूर्य की धूप विशेष तेज न हो तब तक एकांत में केवल एक वस्त्र पहन कर और मस्तक हृदय-उदर आदि सभी अंग खुले रखकर पूर्वाभिमुख भगवान् सूर्य के प्रकाश में खड़ा होना चाहिए।

व्यायाम प्राणायाम और सूर्य रश्मियों के साथ-साथ जल तत्व का भी शरीर स्वास्थ्य में अत्यंत महत्व है। स्वस्थ को बनाये रखने के लिये कब और कितनी मात्रा कें जल पीना चाहिए इसके नियमों का पालन करना चाहिए। जैसे सुबह उठते ही आधा से एक लीटर तक सादा पानी पीना चाहिए। यदि पानी तांबे के बर्तन में रात से रखा हुआ हो तो अधिक लाभप्रद होगा। सप्ताह में केवल निम्बूपानी पीकर एक दिन का उपवास करना पाचन शक्ति को सशक्त करने और स्वास्थ को ठीक रखने के लिये उपयोगी है। दिन और रात में कम से कम तीन लीटर पानी पीना शरीर आरोग्य के लिये उत्तम है। क्यों कि इससे शरीर की अशुद्धि मूत्र के द्वारा बाहर निकल जाती है।

जल तत्व के साथ साथ पृथ्वी तत्व का भी शरीर स्वास्थ पर विशेष प्रभाव होता है। जैसे सुबह सुबह हरी दूब पर नंगे पांव टहलना भी काफी लाभप्रद होता है, पैर पर दूब के दबाब से तथा पृथ्वी के सम्पर्क से कई रोगों की चिकित्सा स्वतः हो जाती है।

खुला प्रश्न मंच

- राधिका दवे

प्र. १ श्रीमद् भगवद्गीता के पहले अध्याय के पहले श्लोक में धृतराष्ट्र ने संजय से क्या प्रश्न पूछा है ?

उ. धृतराष्ट पूछ रहे हैं कि 'धर्म भूमि कुरुक्षेत्र में युद्ध की इच्छा से एकत्रित हुए मेरे और पांडु पुत्रों ने क्या किया ?।

प्र. २ दुर्योधन के पक्ष से युद्ध में कौन कौन योद्धा थे ?

उ. दुर्योधन के पक्ष में स्वयं दुर्योधन, भीष्म, कृपाचार्य, कर्ण, अस्वत्थामा, द्रोणाचार्य, विकर्ण और सोमदत्त जैसे महान योद्धा थे।

प्र. ३ दुर्योधन और पांड़व सेना के सेनापति कौन कौन थे ?

उ. दुर्योधन के सेना के सेनापति भीष्म पितामह और पांड़व सेना के सेनापति द्रुपद पुत्र धृष्टद्युम्न थे।

प्र. ४ श्रीमद् भगवद्गीता के प्रथम अध्याय विषाद-योग में किसके विषाद की चर्चा है ?

उ. विषाद-योग में कुन्ती पुत्र अर्जुन का विषाद है।

प्र. ५ धर्म क्षेत्र में क्या देख कर अर्जुन के अंग शिथिल हुए जा रहे और शरीर में कंप और रोममांच हो रहा था ?

उ. अपने चाचा, मामा, ताउ, भाइयों, पितामह, गुरु जैसे सब स्नेहीजन को युद्ध में प्रतिद्वन्दी के रूप में देख कर ।

प्र. ६ अर्जुन अपनी असंतुलित मनःस्थिति के लक्षणों को प्रकट करते हुए क्या कहते हैं ?

उ, अर्जुन बता रहे हैं कि उनका मन अस्थिर, क्षुब्ध, भ्रमित और धैर्यहीन हो रहा है।

प्र. ७ अर्जुन को किस चीज में अपना कल्याण नहीं दिख रहा ?

उ. अर्जुन को युद्ध में अपने बंधु-बांधवों को मार कर युद्ध की जीत में अपना कल्याण नहीं दिख रहा।

प्र. ८ अर्जुन युद्ध नहीं करने के लिये भगवान् श्री कृष्ण को क्या तर्क दे रहे हैं ?

उ. अर्जुन ने कहा 'न मैं विजय चाहता हूं, न कोई राज्य और न ही कोई सुख जाहता हूं' ऐसे ही कई और तर्क दे रहे हैं।

प्र. ९ अर्जुन अपने इस कायरता भरे मन से भगवान् श्री कृष्ण को यह सब तर्क दे कर क्या सिद्ध करना चाह रहे हैं ?

उ. अर्जुन इन सभी तर्क से अपने विचारों को उच्च सिद्ध कर के सौभाग्य से मिले हुए धर्म रक्षा के कर्तव्य से दूर भाग रहे हैं।

प्र. 10 अपने इन सभी विचारों के साथ भगवान् श्री कृष्ण की ओर से स्वीकृति की आशा के उत्तर में प्रभु ने क्या कहा ?

उ. भगवान् श्री कृष्ण ने गूढ़ मौन और मुख पर तीखे हास्य से अर्जुन को अपनी अस्वीकृति का संकेत दिया है।

आराध्य की अनन्य भक्ति साधना हेतु धर्म युक्त जीवन की महत्ता:-

सृष्टि का मूल स्वरूप श्री कृष्ण हैं। वेद कहता है कि समस्त सृष्टि ब्रह्मात्मक है। और भगवान का स्वरूप शास्त्र समझाते हैं कि भगवान सत, चित् और आनन्द है।

मतलब भगवान श्रीकृष्ण सत्य स्वरूप, ज्ञान स्वरूप, और पूर्ण आनन्द स्वरूप हैं।

रसरूप प्रभु की प्राप्ति के लिए शरणागति और भक्ति ही मार्ग है। इस भगवद् भक्ति और शरणागति की उत्तमता के लिये हमें सदविचार और सतकर्म से संस्कारी बनना चाहिए।

संस्कार की आवश्यकता क्यों?

हमारे अस्तित्व के दो हिस्से हैं। जन्म और कर्म.. जन्म हमारे हाथ में नहीं है पर कर्म हमारे हाथ में है, सदकर्म से इंसान संस्कारी बन सकता है और स्वयं का और समाज का भला कर सकता है। संस्कार का मतलब वस्तु के अंदर छुपी हुई उत्तमता को बाहर प्रकट करना। मानव में रहे हुए सद गुण को प्रकट कर के उत्तम व्यक्ति बनना वो मानव के संस्कार हैं।

असंस्कारी व्यक्ति आदरणीय नही होता। वह अपने जीवन का सदुपयोग भी नहीं कर पाता। हमें मानव देह मिली है उसको आलस, दु:संग और धर्म विमुखता में व्यतीत करना मूर्खता है। इसलिए संस्कारी बनाना जरूरी है। संस्कारी बनने के लिए अच्छे विचार और अच्छे कर्म करने चाहिए।

सद विचार और सतकर्म:-किसी भी क्षेत्र में योग्य लक्ष्य को तय करके हम उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कर्म करते हैं। योग्य लक्ष्य की प्राप्ति के लिए योग्य विचार पूर्वक किये गये कर्म को सत्कर्म कहते हैं। जैसे परीक्षा में अच्छे नम्बर लाने के लिए नकल करना उत्तम नहीं, क्योंकि अच्छे नम्बर लाना पढाई का लक्ष्य नहीं है, पर पढाई का लक्ष्य उत्तम व्यक्तित्व का निर्माण है। नकल करके परीक्षा में अच्छे नम्बर तो आ सकते हैं पर उत्तम व्यक्तित्व नहीं बन सकता। इसतरह सिर्फ़ सफलता ही नहीं पर प्रमाणिकता भी महत्व की है। सद्विचार के आधार से योग्य कार्य करे तो वो कर्म उत्तम बनता है। सद्विचार और सतकर्म युक्त बनने के लिए हमारे व्यक्तित्व का आधार श्रेष्ठ होना चाहिए और वो आधार है धर्म।

धर्म:- जीवन जीने की शास्त्र सहित श्रेष्ठ रीति ही धर्म है। धर्म के सच्चे स्वरूप को समझ कर जीवन में उतारना चाहिए और उसके लिये सबसे पहले धर्म का प्राथमिक ज्ञान प्राप्त करना जरूरी है।

धर्म का ज्ञान धर्मशास्त्र के द्वारा:- धर्म विषयक ज्ञान जिस शास्त्र से मिलता है उस शास्त्र को धर्म शास्त्र कहते है। भगवान की प्रेरणा से ही ऋषि मुनियों ने धर्म शास्त्र को प्रकट किया है। हमारा धर्म किसी व्यक्ति ने नहीं पर स्वयं भगवान ने कहा है।

धर्म दो प्रकार के है...१) देहधर्म , २) आत्मधर्म।

१- देहधर्म (परधर्म)- प्रत्येक जीव को कैसे समाज में जीना है वो बताता है, जो कि हरेक जीव के लिए है। इस देहधर्म के भी दो विभाग है ...(अ) विशेष धर्म, (ब) सामान्य धर्म।

(अ) विशेष धर्म- जो ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, और शूद्र के लिये वर्ण और आश्रम के भेद से बताया गया है। (ब) सामान्य धर्म- जो सबके लिए समान रूप से बताए गए हैं। धर्म के १० लक्षण मनुस्मृति में बताए गए हैं।

उत्सव

गोपाष्टमी

- सुनीता शाह

कार्तिक सूद अष्टमी के दिन पहली बार प्रभु को यशोदा जी ने सुंदर श्रृंगार करके श्रीहस्त में लकडी देकर गोप सखाओं के साथ वन में गौचारण के लिए भेजा था। पुरुषार्थ की भावना के साथ पुत्र रूप में बाल्यावस्था से ही स्वकार्य करने का और पिता के व्यापार के विकास हेतु गौ-चारण के लिए माता-पिता ने भेजा था।

निकुंज लीला में प्रभु ने गौ चारण के माध्यम से पशु, पंक्षी, गोप, गोपीजन जैसे नित्यसिद्ध भक्तों को रस का दान किया। प्रभु ने टेर कदम, मधुवन, कामोदवन .. जैसे सभी वनों में गौचारण लीला करी है। गाय के भाव व्रजजन जैसे मुग्ध भाव होने के कारण गायें व्रज भक्तों का स्वरूप हैं और नि:साधन भक्त होने के कारण प्रभु गायों का रक्षण करते हैं। ऐसे ही जब जीव नि:साधन बन कर प्रभु सेवा और स्मरण करे तो प्रभु कृपा कर उन पर अनुग्रह करते हैं।

गौचारण का भौतिक भाव गायों को चारण कराना है, और आध्यात्मिक भाव.. 'गौ' अर्थात 'इंद्रियां' और 'चारण' अर्थात 'पोषण' है, और इस भाव के अनुसार प्रभु अंगीकृत जीव को विरह दान देने के लिए गौ चारण हेतु वन में पधारते हैं।

प्रभु को गायें अति प्रिय हैं। गाय के पृष्ठ भाग में ब्रह्मा, गले में विष्णु, मुख में रूद्र, मध्य में सर्व देवता, मूत्र में गंगा आदि पवित्र नदी, गोबर में लक्ष्मी जैसी शुद्धत्ता, नेत्र में सूर्य-चंद्र के स्थान के भाव से गौ पूजन सर्वश्रेष्ठ है। जब प्रभु गौ चारण के बाद वेणु नाद करते हुए वन से लौटते है, तब प्रभु कृपा से कोई दैवीजीव को प्रभु के दर्शन हों इस लालसा से गोपाष्टमी के दिन भक्त जन गायों के गण को यथा शक्ति थुली, लड्डू आदि का चारण कराते है।

श्रीवल्लभनंदन गोपीनाथ

यदनुग्रहतोजन्तुः सर्वदुःखातिगोभवेत् ।
तमऽहंसर्वदा वन्दे श्रीमद्वल्लभनन्दनम् ।।

जगद्गुरु श्रीविट्ठलनाथजी विरचित भ्रात वंदना

- श्रीमती जागृती गोहील



जगद्गुरु श्रीगोपीनाथजी प्रभुचरण

श्री गोपीनाथजीએ પ્રેમ અને સ્વરૂપ સેવા ને જ મુખ્ય માની ને અમારા કલ્યાણ માટેસાધન દીપિકા માં આગળ આપણ નેરાગ-ભોગ અને શ્રુંગાર ના વિષય ને ખુબ જ સરલ અને સુંદરરીતથી સમજાવી રહ્યાછે. સામાન્ય રીતે લોકો માં શ્રી ગુંસાઈજી પ્રભુચરણદ્વારારાગ-ભોગ-શ્રુંગાર નો વિષય વિસ્તારિતછે એવીજાણકારીછે. જેફક્તગ્રંથાધ્યાયન ની ઉણપ નું જ કારણછેતે આ ગ્રંથ દ્વારા સિદ્ધ થાય છે.

રાગ, ભોગ, શ્રુંગાર ને સમજાવતા શ્રી ગોપીનાથજી જણાવે છે કે - (સ્મરેદ્ભગતો લીલાં ગાયેતસ્ય ગુણાન્ગિરા)પ્રભુ ના સ્વરૂપ અને લીલાઓનું સ્મરણ સહીત ભાવપૂર્ણ વાણીથીકીર્તન ગાન કરવું.

(અલંકૃત્ય તત: સિહાસનેમુપવેશયેત્, હૈયંગવીનપક્વાન્નૈ:તામ્બૂલૈ: સુજલૈર્યજેત) અર્થાત: પ્રભુ ને જગાવી સર્વ પ્રથમ સિંહાસન ને અને પછી પ્રભુ ને અલંકૃત કરી પ્રભુનો બિરાજમાન કરવા અને ત્યારબાદ પ્રભુ ને સુંદર પકવાન અને પાન -બીડી સાથે શીતલ સુગંધિત જળ અરોગાવવા. તેમજ (તતોનીરાજનં કાર્યં મંગલં ગીતવાઘકૈ:) આમ કહેતા જણાવે હે કે મંગળા અને રાજભોગ આરતી ,કીર્તન ગાન મંગલ રીતે વાધ, પખાવજ, તાનપુરા, ઈત્યાદી સહીત કરવું. (શ્રંગારરંજિતૈર્વસ્ત્રૈશ્ચિત્રૈરાભરણૈરપિ) પ્રભુ ને ઋતુ અનુસાર સુંદર રંગ-બેરંગી વસ્ત્રો, શ્રુંગાર અને આભરણો સાથે સુગંધિ દ્રવ્યોથી ભાવ પૂર્વક સેવવા. આની સાથે શ્રી ગોપીનાથજીએ અલંકાર અને વસ્ત્રો ના પ્રકાર નું પણ વર્ણન કર્યું છે.

(તોર્યત્રિકેનતત્રાપિ ધૂપદીપાદિનાર્તિકમ્) આગળ આજ્ઞા કરે છે કે ધૂપ-દીપ આરતી હમેશા ઝાઝ ઘંટા, વાધ,તથા કીર્તન ગાન સાથે કરવા કેમ કે (બિના નૃત્ય ગાનેનહરિ પ્રીતિ કથં ભવેત્) આવી આજ્ઞા આ જ ગ્રંથ માં કરીને સમજાવે પણ છેકે નૃત્ય, ગાન, સંગીત, વિના પ્રભુ માં પ્રેમ કેવી રીતે સંભવ બને ?

માટે શ્રી ગોપીનાથ મહાપ્રભુ આ માર્ગમાં ભકિત ના મુખ્ય બે સાધન, જેની આજ્ઞા સ્વયં શ્રી મહાપ્રભુજીએ કરી છે તેના પર ભાર મુકેછે. ૧) સ્વરૂપ સેવા, ૨) પ્રેમ. અને તેના અતર્ગત સર્વ આચરણ અને સંસ્કાર શુદ્ધિ સહીત વર્ણાશ્રમાંદિધર્મ ને જણાવી રહ્યા છે. સાથે સેવામાં પણ રાગ-ભોગ-શ્રુંગાર, સેવાના આનુષંગિક શ્લોક તેમજ અષ્ટયામ ની સેવા નો ક્રમ આપશ્રીએ ભાવ પ્રમાણે વ્યવસ્થિત ગોઠવ્યો છે. શ્રી ગોપીનાથજી પ્રભુસે સેવા માં ઉપયોગી શ્લોક માટે એક અલગ ગ્રંથ સેવશ્લોક।"નીરચના પણ કરી છે,.....- क्रमशः

प्रभु स्वरुप का ज्ञान और प्राप्ति केवल भक्ति से...

''श्री कृष्ण का स्वरूप ज्ञान''
- सुनीता शाह

हमें पुराणों में कई स्थान पर पढने में आता है कि भगवान के स्वरुप को जानने और प्रभु को पाने हेतु ऋषिमुनि असंख्य वर्षो तक ज्ञान साधना और कई तरह की तपस्या करने के पश्चात भी प्रभु स्वरुप को जान अथवा पा नहीं सकते हैं। व्रज भक्तो ने कोई दान-व्रत-तप जैसे साधनों का सहारा लिया नहीं था। फिर भी साक्षात् प्रभु उन के बीच प्रकट हुए थे। एसा कैसे?

परब्रह्म श्रीकृष्ण अन्य देवताओ की तरह यज्ञ- मंत्रजाप ।। तप जैसे साधनों के माध्यम से कोई फल देने के लिए बंधे नहीं हैं। शास्त्रों में व्रत, तप, उपासना, यज्ञ, मन्त्र, कर्म आदि अध्यात्मिक प्राप्ति के साधन कहे गए हैं। ये किसी भी साधान के माध्यम से हम श्रीकृष्ण के स्वरुप को जानने के और पाने के लिए असमर्थ हैं। और इसलिए किसी भी साधन के आश्रय से और उसके अभिमान के साथ श्रीकृष्ण को जानने और पाने की कोशिश कभी सफल नहीं होती।

केवल प्रभु श्रीकृष्ण की कृपा मात्र से, बिना किसी साधन से श्रीकृष्ण अनुभूति एवं पुष्टि भक्ति प्राप्त हो सकती है, जैसे व्रज भक्तो को प्राप्त हुई । यह बात प्रभु स्वयं गीताजी में आज्ञा करते हैं....

''नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन न चेज्यया।
शक्य एवं विधोद्रष्टुं दृष्टवानसि मां यथा ।।११-५३।।
भक्तया त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन।
ज्ञातुंद्रष्टुं च तत्त्वेनप्रवेष्टुं च परंतप ।।११-५४।।

अर्थात: - हे अर्जुन, न मुझे वेदों द्वारा, न तप द्वारा, न दान द्वारा और न ही यज्ञ द्वारा इस रूप में देखा जा सकता है, जिस रूप में मुझे तुमने देखा है। लेकिन अनन्य भक्ति द्वारा, हे अर्जुन, मुझे इस प्रकार (रूप को) जाना भी जा सकता है, देखा भी जा सकता है, और मेरे तत्व (सार) में प्रवेश भी किया जा सकता है, हे परंतप।

क्रमशः

Payment method

चेक / ड्राफ्ट श्री गोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान के नाम पर बनाए और आपको दिये गये फॉर्म पे जो पता लिखा है उसपे भेजें । या I.D.B.I. बैंक की किसी भी शाखा में श्री गोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान के **I.D.B.I. Bank's Saving A/c No. 289104000033974** में जमा करवा सकते हें.
नकद भुगतान के लिए कृपया अपने स्थानीव संपर्क व्यक्ति को फोन करें जीनके नंबर नीचे दिये गये हें ।

Vadodara - Gunjan Shastri-9374065710
Sampadak-Satna - Kalpana Katare- 6261084284
Burhanpur - Nitinbhai Patil-8989520502
Junaghad - Bhaveshbhai - 7984025185
Bombay- Apurva Kadakia -80970 47471

Devine Thoughts

PUSHTI SEVA

Pushtiseva is most effective, scientific and very highly beneficial for a jivatman. Surrender, dedication and devotional love dispel anger, greed and passion.

Dear friends,

Therefore the dedication to *Bhagavan* is the only and the excellent means to get our sense –organs withdrawn from the lustful passionate enjoyment. Similarly the mind is the centre of desires, passions etc. The mind is a manufacturing factory of millions of passions and desires. These too are simply for passionate enjoyment of worldly objects; therefore the mind which is ever perturbed with the passions and chasing the objects of the sensuous enjoyment is absolutely incapable to get the devotional love installed towards *Bhagavan* in itself. Therefore for the inculcation of devotional love towards *Bhagavan* into our minds; the passionate desires, should either be destroyed or be controlled invariably. Controlling of the extremely powerful passions of the mind is equivalent to stop a race – horse or catching hold of the wind in a rapid tumultuous cyclone. Control of the passionate desires in the mind or their annihilation or transformation can be feasible only by a thing inherent in the mind or by a thing which has an access to the mind. Therefore Shree *Vallabhacharyaji* has given the supreme importance to the tender love in the matter of devotion. Just as the mind is the centre of the desires, similarly the love is also a characteristic of mind. Therefore in proportion to the increase of love towards Bhagavan in our mind the contact with other things or those related to sensuous enjoyment would get gradually weakened and finally destroyed. It is commonly observed that when one gets involved in deep love with someone else his or her mind gets automatically disinterested in other matters. In the same way the mind, which mostly wanders gets, stabilized in one individual or any matter related with such a person. Therefore Shree *Vallabhacharyaji* *states* in his treatise named "*Bhaktivardhini*" *snehad ragavinashah* syat (the destruction of the infatuation is caused by love) the mind which is ardently devoted to *Bhagavan* gets itself beyond the infatuation and the worldly attachment.

Pujya Shri Brijlata Bahuji

In the same way in *Dasa*-bhava (the exclusive sense of servitude towards *Bhagavan* accrued from the surrender to *Bhagavan* destroys all types *Bhagavan* in the *jivatman* like 'amsho'ham (I am the amsha of the *Bhagavan*) in the rise of such adherence to the resort of Bhagavan lies the removal of all the miseries of a *jivatman* because the sense, 'I am a *jivatman'* is the very root of every misery experienced by a *jivatman*. One who believes oneself to be a *jivatman* has the sense of "this is mine and this is belongs to others, this is less and this is more, this is small and this is big" such sense of distinguishing gets succumbed to the instinct of creating distinctions and this further makes us prone to revenge, jealousy, arrogance, anger, passion and such other terribly torturing diseases.

Thus this exclusive sense of servitude towards *Bhagavan* gets us the obtainment of the divine sense of being the *amsha* which is of immense importance of the path of knowledge believe that the exclusive sense of servitude towards Bhagavan in the path of devotion is the factor responsible for the increase of the inferiority – complex; what good can it do for us ? But in reality any complex like that of inferiority or superiority is the cause of misery and it is misconceived.

The exclusive sense of servitude towards Bhagavan described in the path of devotion is devoid of either of these two types of complexes and is real. Any type of complex is a common materialistic concept and therefore on account of the sense of distinction caused by the ne- science these two complexes make us recognize the high and low with reference to the common material objects. The difference like high and low, more or less, big and small etc. caused by the nescience or the sense of illusion leads us to draw the lines imagined by our minds which cause these complexes and also develop them. The earth revolves round the sun, so at twelve noon we call the part of the sky above our head as the above and the earth on which we stand and the part of it in the liner position of it are called the 'below' by us. But we call the same portion which we called ass 'below' at noon as the 'above' at midnight and what we described as 'above' gets recognized as 'below' at midnight.

Continue...

श्री गोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान

Visit us at www.gopinathji.org

यथार्थ संपादक मंडल

श्रीमती प्रभाबेन शास्त्री
श्रीमती कल्पना कटारे
कु. निमिषा बेन पारेख

यथार्थ व्यवस्थापक मंडल

श्रीमती गुंजनबेन शास्त्री
श्री उमेश भाई वैष्णव

संस्थान के कार्यकलाप

- यथार्थ मार्ग (मासिक पत्रिका)
- ओडियो प्रवचन केसेट, पुस्तक प्रकाशन, और वितरण
- गौसेवा
- अशक्त आर्थिक तकलीफ वाले व्यक्तियों की सहायता
- सामान्य स्थिति वाले छात्रों को मदद्
- सत्संग सत्रो का आयोजन

अशक्त, आर्थिक तकलीफ वाले, अनाथ एवं ब्राह्मण हेतु

- भोजन सेवा • वस्त्र सेवा • विद्या दान
- औषधि सेवा • अन्न दान • अनन्त योजना

वड़ोदरा कार्यालय का समय
(सुबह ११ से शाम ५)

सम्पर्क – मोबाईल
98255 13317, 9998107541

ट्रस्ट र.नं. (ई–४३७५(मेहसाणा) ता. १६ मार्च २००५)
इन्कमटेक्स करमुक्ति का लाभ भी उपलब्ध है
CIT/GNR/80G(5)/PTN-37/07-08/3233/12-13

व्रतोत्सव टीप्पणी माह दिसम्बर

ता.	વાર	તિથિ	વિગત
કાર્તક વદ			
૩	સોમ	૧૧	ઉત્પત્તિ એકાદશી વ્રત.
૫	બુધ	૧૩	શ્રી ગુસાંઇજીના સપ્તમ લાલજી શ્રી ઘનશ્યામજી (વ્રજ વિ.સં. ૧૬૨૮) નો ઉત્સવ.
૬	ગુરુ	૧૪	દર્શ અમાવાસ્થા.
૭	શુક્ર	૩૦	અન્વાધાન.
માગશર સુદ			
૮	શનિ	૧	ઇષ્ટિ.
૧૨	બુધ	૫	શ્રી મદન-મોહન પ્રભુ (કામવન) નો પાટોત્સવ.
૧૪	શુક્ર	૭	શ્રી ગુસાંઇજીના ચતુર્થ લાલજી શ્રી ગોકુલનાથજી (વ્રજ વિ.સં. ૧૬૦૮) નો ઉત્સવ.
૧૬	રવિ	૯	સૂર્ય ધન રાશી-મૂલ નક્ષત્રમાં ક.૦૯-૧૧ થી, ધનુર્માસ પ્રારંભ, આજથી એક માસ પર્યન્ત શ્રીપ્રભુને વિશેષતઃ ઉષ્ણોપચાર કરવા.
૧૭	સોમ	૯	શ્રી ગુસાંઇજીના ઉત્સવ ની બધાઇ શ્રીનાથદ્વાર માં આજથી.
૧૯	બુધ	૧૧	મોક્ષદા એકાદશી વ્રત, શ્રીમદ્ ભાગવદ્ગીતા જયન્તી.
૨૨	શનિ	૧૫	અન્વાધાન, ગોપમાસ-વ્રતચર્યા સમાપ્ત, શ્રી બલદેવજી નો ઉત્સવ. શ્રીનાથદ્વાર-શ્રીજીમાં છપ્પનભોગ.
માગશર વદ			
૨૩	રવિ	૧	ઇષ્ટિ,.
૨૮	શુક્ર	૭	શ્રી ગુસાંઇજીના જયેષ્ઠ પૌત્ર અને શ્રી ગોવિન્દરાયજી ના લાલજી શ્રીકલ્યાણરાયજી (વ્રજ વિ.સં. ૧૬૨૫) નો ઉત્સવ.
૩૦	રવિ	૯	શ્રી મત્પ્રભુચરણ શ્રી વિઠ્ઠલનાથજી શ્રી ગુસાંઇજી (વ્રજ વિ.સં. ૧૫૭૨) નો પ્રાદુર્ભાવ મહોત્સવ, (૫૦૪ મા વર્ષમાં પ્રવેશ).

साभार-वल्लभ विट्ठल ग्रंथ प्रकाशन मंडल ट्रस्ट

This is the story of a prince called Rama, who fell in love with a beautiful princess called Sita, Rama and Sita got married. The king Dasharath wanted Rama to become king but one of his wives asked in return of her boon that her son Bharat to be made king and Rama to be sent into the forest for 14 years. The king was very sad but he had promised his wife she could have anything she wanted, so he sent Rama. Sita and Rama's brother Lakshman also went with him. They obediently lived in the forest for many years.

There was also a terrible demon king, Ravana. He had twenty arms and ten heads and was feared throughout the land. He wanted to make Sita his wife, one day a golden dear ran by them and Sita asked Rama and Lakshman to catch the dear for her as it was so beautiful. Rama chased the dear but it had all been a trick to get Rama away from Sita.

When Rama did not return Lakshman went to look for him, while Sita was alone a Ravana came by in the holy man costume. He asked Sita for somewhere to rest and have some food and drink. Ravana took Sita to his castle on a remote island. Clever Sita left a trail of her jewelry for Rama to follow. Rama followed the trail of glittering jewelry until he met the monkey king, Hanuman, who became his friend and agreed to help find Sita. Messages were sent to all the monkeys in the world, and through them to all the bears, who set out to find Sita.

When Hanuman told Rama where she was and then Rama went to fight Ravana, who sent his army to fight the battle with Rama and Hanumans army.

They fought for a long time until the only one left was Hanuman. He found some herbs to bring them all back to life, then Rama fought Ravana and killed him with a magical spear, Rama and Sita were together again. the whole world rejoiced. Rama and Sita began their long journey back to their land, and everybody lit oil lamps to guide them on their way and welcome them back. Rama was crowned king and Sita was his queen, and everyone in the kingdom was very happy.

Ever since people light lamps at Diwali to remember that light triumphs over dark and good triumphs over evil.

DHARM PUZZLE

- Trupti Abrol

		D	R	P	Z	M	M	H				N	W	X	R	G	Q	T		
		C	A	H	O	A	A	A	I		A	X	N	D	T	M	I	M		
G	T		D	J	L	K	H	N	M		W	I	Y	Q	B	C	J		I	Z
B	D	D	H	O	X	A	A	U	A		D	F	L	O	B	H	N	M	O	A
R	R	Z	A	O	R	R	S	M	T		A	C	F	R	B	S	A	G	M	O
A	T	Q	S	D	B	S	H	A	H		P	J	U	C	N	H	O	I	X	X
F	J	J	T	I	L	A	I	N	S		I	U	N	R	S	I	N	R	G	V
G	F	S	A	A	D	N	V	J	A	S	D	Y	O	A	H	R	A	N	Z	Q
I	O	R	M	H	A	K	A	A	A	B	U	C	D	T	U	K	M	I	D	E
	Q	X	I	B	O	R	R	Y	M	N	G	A	R	P	S	L	R	A	L	
						A	A	A	N	A	Y	U	U	H						
	S	J	H	D	I	N	T	N	A	A	T	R	A	K	W	O	I	E	F	
X	T	Q	G	W	L	T	R	T	J	A	U	B	V	I	B	W	M	M	U	V
K	M	E	A	I	A	I	I	I	H	G	A	B	L	M	N	M	A	S	P	O
S	H	F	D	W	V	R	V	C	R	N	I	O	I	R	E	L	V	Y	N	Y
G	G	J	E	G	A	Y	H	A	D		H	F	Y	T	H	Y	A	R	F	N
Y	U	H	H	I	P	S	S	H	C		X	R	D	O	J	D	N	X	S	U
V	O	G	A	Y	E	H	A	R	S		I	R	T	A	R	V	A	N	Y	G
I	I		R	N	E	N	D	M	V		V	G	M	Q	S	H	M		Y	G
		S	A	C	D	S	G	Y	N		G	Y	Y	F	D	H	A	S		
		G	H	N	Q	K	Q	Z				Z	H	Q	P	D	R	B		

Find the words from the list in the below box :

MAKAR SANKRANTI	RAKSHA BANDHAN
MAHA SHIVARATRI	JANMAASHTAMI
HOLI	RADHASTAMI
NAVRATRI	GANESH CHATURTHI
RAMA NAVAMI	VIJAYADASHAMI
GUDI PADWA	DEEPAVALI
HANUMAN JAYANTI	BHAI DOOJ
GURU PURNIMA	

Answer to Last Puzzle

दीपावली के पावन पर्व की बधाई।

-कल्पना कटारे

आसों मास के तीन और नए साल के दो दिन मिलाकर जो पाँच दिन हैं, इन पाँच दिन को एक शब्द में दीपावली कहते हैं। दीपावली सबसे प्रमुख त्योहार है। कार्तिक माह की अमावस्या के दिन भगवान राम १४ वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे, इस खुशी में अयोध्या वासियों ने दीये प्रज्वलित कर उनका स्वागत किया था। श्रीकृष्ण ने नरकासुर नामक राक्षस का वध भी इसी दिन किया था। यह दिन भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण दिवस भी है। इन सभी कारणों से हम दीपावली का त्योहार मनाते हैं।

दीपों का त्योहार दीपोत्सव के दिनो के लिए घर में साफसफाई कर के वातावरण को पवित्र बनाया जाता है। और धूपदीप के साथ लक्ष्मी पूजन भी होता है। पर इन दीपों से बाहर का अँधेरा थोडी देर के लिए जरूर दूर होता है किन्तु हृदय का अज्ञान रूपी अँधेरा तो सत्संग, स्मरण, कीर्तन दर्शन और प्रभुसेवा से ही दूर हो सकता है। और ऐसा सत्संग, स्मरण, प्रभुसेवा ..केवल गुरुभक्ति और गुरुकृपा से ही प्राप्त हो सकती है। जिस प्रकार सालभर में जो अनावश्यक वस्तुएं घर में एकत्रित हुई उन्हें हम दीवाली के पहले बाहर निकाल देते हैं वैसे ही हमारी जन्मों जन्मों से एकत्रित हुई अशुभ कर्मो की कलमश गुरु कृपा से प्राप्त ज्ञान से दूर हो।

'प्रभु ही मेरे सब कुछ हैं' यह भाव हृदय में प्रकाशित करने ही दीवाली के दीपों की महत्ता है।और यही आंतरिक भाव को प्रकाशित करने हेतु हमारे श्रीगोपिनाथ जी प्रभुचरण दिवाली के पर्व पर प्रभु से विनती करने को कहते हैं.....हे व्रजाधिप! जिस प्रकार आपने नन्दरायजी द्वारा किये गये दीपावली के लौकिक विधान को, लौकिक परम्पराओं के विधान को अपनी आत्मा में उन भक्तों को प्रवेश देने के लिए स्वीकार किया था, वैसे ही मेरे पूर्वकृत कर्मो को भुलाकर अपनी स्वीयता (तू मेरा है इस भाव) की सिद्धि के लिए मेरे द्वारा समर्पित दीप आदि सर्व सामग्री को अंगीकार कीजिए।।

धनतेरस

भविष्य पुराण के अनुसार आज के दिन लक्ष्मीजी के साथ धन्वन्तरिजी की विधिपूर्वक पूजा करने से धनसंपत्ति की वृद्धि और शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य की प्राप्ति होती है।... ये मर्यादा मार्गीय जीव के लिए है। श्रीमहाप्रभुजी ने चतुर्थश्लोकी में पुष्टिजीव के धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को समझाते हुये श्रीकृष्ण को ही हमारा सच्चा 'धन' कहा है। आज के शुभदिवस पर हमारा प्रभु के चरणों में द्रढ विश्वास और भक्ति रूपी धन में वृद्धि हो, लक्ष्मी रूपी लौकिक धन का विनियोग अलौकिक धन रूपी लक्ष्मी पति की सेवा में हो, और प्रभुचिंतन द्वारा प्रभु की लीला रूपी 'धन्य रस' का अनुभव हर पल बढता रहे यही धनतेरस के शुभदिन पर मनोकामना और शुभकामना..।

SARASWATI TEXTILES
H.NO.33, GALA NO.105, NEW KANERI,
PADMANAGAR, FULEWADI COMPOUND ,
BHIWANDI- 421302

Haresh V Kukreja
Mobail no
8879358237.9323808748

વ્રતોત્સવ દીપ્પણી માહ નવંબર

તા.	વાર	તિથિ	વિગત
આસો સુદ			
૪	રવિ	૧૨	રમા એકાદશી વ્રત, ગોવત્સ દ્વાદશી (વાઘબારસ) (દ્વાદશી આજે સૂર્યોદય થી ક.૨૫.૨૬ પર્યન્ત છે).
૫	સોમ	૧૩	ધનત્રયોદશી-ધનતેરસ (ત્રયોદશી આજે સૂર્યોદયથી ક.૨૩-૪૯ પર્યન્ત).
૬	મંગળ	૧૪	નરક ચતુર્દશી-રૂપ ચતુર્દશી, (ચતુર્દશી આજે સૂર્યોદયથી ક. ૨૨-૨૯ પર્યન્ત છે), અભ્યંગ સ્નાન આજે પ્રાતઃ ક.૦૫-૧૨ પછી અને સૂર્યોદય પૂર્વ કરાવવું).
૭	બુધ	૩૦	દીપાવલી, દીવાળી, કાનજગાઇ, હટડી, શારદાપૂજન, દર્શઅમાવાસ્યા, અન્વાધાન, (અમાવાસ્યા આજે સૂર્યોદય થી ક.૨૧-૩૪ પર્યન્ત રહે છે), ગુજરાતી વર્ષ વિ.સં. ૨૦૭૪ સમાપ્ત.
કાર્તક સુદ			
૮	ગુરુ	૧	ઇષ્ટિ, ગોવર્ધનપૂજા, અન્નકૂટોત્સવ, (આજે ચન્દ્રદર્શન છે ગોકીડા નહી) ગુજરાતી વર્ષ વિ.સં. ૨૦૭૫ સાધારણ નામ સંવત્સર આરંભ, ગુજરાતી બેસતું વર્ષ, નૂતન વર્ષાભિનંદન.
૯	શુક	૨	યમદ્વિતીયા, ભાઇબીજ (દ્વિતીયા આજે સૂર્યોદયથી ક.૨૧-૧૦ પર્યન્ત છે).
૧૨	સોમ	૫	લાભપંચમી
૧૬	શુક	૮	ગોપાષ્ટમી, પ્રથમ કુંડવારો.
૧૭	શનિ	૯	અક્ષય નવમી, કૃતયુગાદિ, કૂષ્માંડદાન, શ્રીપ્રભુની આજે શ્રૃંગાર-ગ્વાલમાં નવ પરિક્રમા કરવી.
૧૯	સોમ	૧૧	પ્રબોધિની એકાદશી વ્રત (ભદ્રા આજે બપોરે ક. ૧૪-૩૦ સમયે સમાપ્ત થાય છે) આજે સાંજે ભોગ-સંધ્યામાં (બપોરે ક.૧૪-૩૦ પછી) મંડપ-દેવોત્થાપન -પંચામૃત વગેરે કરવું, પ્રતિવાર્ષિક તુલસી પૂજન.
૨૨	ગુરુ	૧૪	અન્વાધાન
૨૩	શુક	૧૫	ઇષ્ટિ, કાર્તક સ્નાન સમાપ્ત અથવા ચાતુર્માસ્ય નિયમ સમાપ્ત (જેમણે અષાઢ સુદ પૂનમના રોજ નિયમ લીધા હોય તેમના માટે), ગોપમાસારંભ -વ્રતચર્યા.
કાર્તક વદ			
૨૪	શનિ	૧	અથવા ગોપમાસારંભ
૩૦	શુક	૮	શ્રી ગુસાંઇજીના દ્વિતીયલાલજી શ્રી ગોવિન્દરાયજી (વ્રજ વિ.સં. ૧૫૯૯) નો ઉત્સવ.

સ્વામાર-વલ્લભ વિદ્યુતલ ગ્રંથ પ્રકાશન મંડલ ટ્રસ્ટ

गौ सेवा से करे गौरक्षा

लेखक- श्री गिरीराजजी शास्त्री जी

पिछले कई सालों से देश में गौ हत्या के विरोध में गौरक्षा का अभियान चल रहा है। होना भी चाहिए, कई धार्मिक संस्कारों की तरह गौरक्षा का विचार अपने आप में एक सुंदर विचार है। गौमाता जो आजीवन हमें अपने दूध-दही-घी, आदि से पोषित करती है, गौमूत्र विज्ञान की दृष्टि से भी और ज्ञान की दृष्टि से भी गुणों से भरा है। एसे अपने इन सुंदर उपहारों से जीवनभर हमारा हित करती है। जिसकी रचना भगवान ने मनुष्यों के कल्याणार्थ आशीर्वाद रूप से की है। अतः इस पृथ्वी पर गौमाता मनुष्यों के लिए भगवान का प्रसाद रूप है। और इस लिए ही हमारे शास्त्रों ने भी गौ को माता कहा है। गौमाता हमारी वैदिक संस्कृति, धर्म,संस्कार एवं सभ्यता का प्रतिक है ।

गौमाता की रक्षा के लिए देश के कोने-कोने में न जाने कितने रक्षा दल बने हैं।सरकार ने भी कई राज्यों में गौहत्या के लिए कई कानून लागू किये हैं। जिसके अनतर्गत गौहत्या करने वालो को उम्रकैद की सजा हो सकती है। इस नियम का उद्देश्य गाय लाने-ले जाने, काटने और गौमांस बेचने पर रोक लगाना है। भारत के २९ में से १८ राज्यों में गो-हत्या पर पूर्ण या आंशिक रोक है। और गुजरात सरकार ने तो गुजरात में पहले से भी गौ रक्षा का कानून और कड़क बना कर गौ हत्या में उम्रकैद की सजा तय करी है। एसे सख्त कानून के लिए गुजरात के श्री विजय रुपानीजी की जितनी सराहना की जय कम है।

लेकिन गौ-हत्या पर पूरे प्रतिबंध के मायने हैं कि गाय और बछडे की हत्या पर पूरा प्रतिबंध लेकिन बैल, सांड और भैंस को काटने और खाने की अनुमति है। क्या उनकी हत्या से हमें कोई मतलब नहीं है? क्या वो जीव नहीं हैं? अगर आप हिन्दू हो तो ये मानते ही होगे कि सब जीव भगवान के ही अंश हैं। गौमाता हमें इतना कुछ देती हैं तो बैल भी खेती में हल चला कर अन्नोत्पादन में सहायक है। भैस भी दूध देती है। ऐसे कई मूक प्राणी हैं जो हमारे बोझ ढोते हैं और मानव जीवन को सरल बनाते हैं, सदैव मानवों के लिए जीते हैं, यह संसार में एक संत की तरह हैं, निस्वार्थ। ये सभी आदर के पात्र हैं और सब की रक्षा हमारा दायित्व है।

पर ऐसा होता नहीं है, बल्कि गौरक्षा का भी मुद्दा जब जब उठा है तो सिर्फ राजनीति करने के लिए या फिर सुर्ख़ियों में बने रहने के लिए.. जब कि कई तो गौरक्षा कैसे होगी, ये जानते तक नहीं।भारत की ८० प्रतिशत से ज्यादा आबादी हिंदू है जिनमें ज्यादातर लोग गाय को माता तो कहते हैं, पर उसकी रक्षा के लिए कुछ भी नहीं करते। गौ को माता मानते हो, पूजते हो, लेकिन सच में हमारा असली उद्देश्य गौरक्षा होता तो आज गाय बाहर सड़को पर लावारिस, भूखी, कचरे के ढेर से भूख मिटाती देखने ना मिलती। आज ८५ प्रतिशत लोगों के पैरों में चमड़े के जूते होते हैं, करीब ७० प्रतिशत लोगों की जेब में चमड़े के वोलेट और पर्स हैं , वह न होते।

गाय के बारे में हिंदू समाज का रवैया ही सही नहीं है। वो सिर्फ गाय को माता कहते हैं, उसे तिलक लगाते हैं और उसके नाम पर झगडा करते हैं और कुछ लोग गौ रक्षा रैली निकालने को रक्षा का तरीका मान लेते हैं! इससे होगी रक्षा!! अरे सच में हिन्दू धर्म को मानते हो तो शास्त्र में बताये सभी धर्म का पूरी रीत से पालन करो, हमारे धर्म में केवल गाय को ही नहीं पृथ्वी और नदी को भी माता कहा है, उनकी रक्षा भी समाज का दयित्व है। पर उसकी रक्षा के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं करता। वास्तव में गौमाता की सेवा और रक्षा करना चाहते हैं तो...ऐसे करें गौरक्षा---

घर में गौ ग्रास जरुर निकालें, हरी सब्जी का उपयोग करने के उपरांत जो हरा चारा निकलता है उसे कूड़ा दान में न डालते हुए गौमाता को खिलाएं, रोज अपनी कमाई का कुछ अंश गौमाता के लिए निकालें व इसे गौमाता के लिए ही खर्च करें, या किसी गौशाला में जाकर भी इस राशि को दान कर सकते हैं। अपने घर में छोटे बच्चों को गौमाता का महत्व समझाएं, ऐसी वास्तु का उपयोग करने से बचें जिसको बनाने हेतु गौ को कष्ट व पीढा पहुंचाई गई हो, गौमाता पर हो रहे अत्याचारों को रोकने में अपना सहयोग प्रदान करें, शाकाहारी बने, माँसाहारियों का सामाजिक बहिष्कार करें....ऐसी गौमाता जो हमारे कृष्ण को भी अत्यंत प्रिय है, गौमाता की कई सेवाऐ हैं जिसका पालन हिन्दू होने के नाते हमें करना चाहिए। जैसे कि तुरंत कुछ न कर सके तो एक कार्य जरुर करें कि हमारे पूरे परिवार के लोग आज से गाय का ही दूध पीने का व्रत आग्रह पूर्वक लेते है, ऐसा नियम लेने मात्र से ही पूरी एक कोलोनी के लोग अगर यह व्रत लेलें तो ग्वाले को गाय का दूध आपको देने हेतु गाय का पालन पोषण करना ही होगा और गाय की रक्षा और सुरक्षा में आप अपना योगदान दे सकेंगे और गाय के दूध से मिलने वाले आयुवेर्दिक स्वास्थ्य लाभ को भी प्राप्त कर अपने बच्चों और औरों को समझा सकते है।

पुष्टिमार्ग में भी भगवदसेवा के अंग रूप गौसेवा का विधान है। हमारे श्रीवल्लभ, श्रीगोपीनाथ एवं श्रीविट्ठल नाथ भी गौ के प्रति पूर्णतः समर्पित थे। व्रज में गौ रक्षा के हेतु ही श्री विट्ठलनाथजी को "गोस्वामी" अर्थात गोकुल के श्रीगोसाईं के सम्मान से विभूषित करते हुए यह पदवी भेट की गई थी।

गौसेवा एवं गौरक्षा वैदिक धर्म में आस्था रखनेवाले प्रत्येक जीव का कर्तव्य-धर्म है।हम स्वयं ही गौमाता की ऐसी सेवा, पूजा करें कि आसपास के और विरोधी धर्म के लोगों के भी गौमाता के सजदे में सर झुक जाए।

कई लोगों ने गाय को 'राष्ट्रिय पशु' घोषित करने की भी मांग करी है, पता नहीं इससे क्या ज्यादा बदलेगा! तत्कालीन समय में देश में हिन्दुओं के मध्य ही मतभेद हैं, और धर्म के नाम पर कुछ लोग इसे बढ़ने के लिए अवसर की तलाश में रहते हैं, हमारा देश हिन्दू प्रधान देश अवश्य है पर केवल हिन्दूओं का देश नहीं है। ऐसा कर के दूसरे धर्म के लोगों को अलग-अलग करने की कोशिश करते रहे हैं।

धर्म के नाम पर किसी भी प्रकार की लड़ाई करने से पहले एक हिन्दू नागरिक होने के नाते स्वयं हम गौसेवा कर के अपने धर्म के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करें ये अति आवश्यक है। धर्म की रक्षा आवश्यक है, पर धर्म की रक्षा जुलूस या रेली निकाल कर नहीं होती, धर्म की रक्षा के लिए धर्म का आचरण अनिवार्य होता है।